बोलो राधे राधे | By Uma Lahari

बोल रहा है तन मन सारा राधे राधे
गूंजे धरती अम्बर सारा राधे राधे

मेरी भक्ति मेरा अन धन
प्यारो लगे प्यारो वृन्दावन
राधे राधे जपा करू मैं
विपदा बाधा ख़तम करूँ मैं
जीवन नैया निर्भय चलती राधे राधे
गूंजे धरती अम्बर सारा राधे राधे

बोलो राधे राधे राधे राधे राधे राधे

जगत मोहिनी कृष्ण कन्हैया
कृष्ण मोहिनी राधे मैया
मधुर मधुर बाजे पैजनिया
यमुना तीर कदम्ब की छइयां
रास बिहारी पीछे आगे राधे राधे
गूंजे धरती अम्बर सारा राधे राधे

बोलो राधे राधे राधे राधे राधे राधे

युगल छवि के दर्शन पाऊं
लेहरी मैं बलिहारी जाऊं
चरणों की रज शीश लगाऊं
शाम सवेरे महिमा गाऊं
टेर सुनो भव पीर हरो श्री राधे राधे
गूंजे धरती अम्बर सारा राधे राधे

बोलो राधे राधे राधे राधे राधे राधे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-by-uma-lahari/